अनेक सेवाएं...
एक स्थान.

आवश्यक सेवाओं से जुड़ने में मदद करने के लिए नेविगेटर, इनमें सुरक्षा योजना, सार्वजनिक लाभ, आवास और अन्य आवश्यकताएं शामिल हैं.

हिंसा के बाद के आघातों से जूझ रहे वयस्कों और बच्चों की सहायता के लिए सलाहकार और चिकित्सक.

बजट बनाने, क्रेडिट सुधार, और अन्य वित्तीय मुद्दों में सहायता के लिए आर्थिक सशक्तिकरण सेवाएं. रोजगार प्रशिक्षण और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए रेफरल.

आवास, संरक्षण आदेशों, बच्चे की सहायता, अभिरक्षा, मुलाक़ात, आप्रवास, और तलाक से जुड़े मामलों में परामर्श के लिए वकील.

विशेष अभियोजक और कानून प्रवर्तन.

सेवाएं प्राप्त करने के दौरान साइट-पर शिशु देखभाल.

PorchLight में, आप अकेले नहीं हैं.

परिवार न्याय केंद्र हिंसा को कम करने के लिए डिज़ाइन की गई सेवाओं के नेटवर्क का प्रवेश द्वार है. हम हिंसा की घटनाओं को जितना कम करते हैं. हम सार्वजनिक सुरक्षा में वृद्धि, हत्या की दर को कम करने में मदद करते हैं, पीड़ितों और उत्तरजीवियों के समर्थन में, और समय पर सेवाओं की प्रभावशीलता में वृद्धि करके समुदायों को एकजुट करते हैं. हम हिंसा के चक्र को तोड़ने और अपने समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

ये जानने के लिए कृपया **www.porchlightfjc.org** पर विजिट करें:

- **स्वयंसेवा कैसे करे.**
- **दान कैसे करें.**
- **स्वयं आपके या किसी जरूरतमंद के लिए सेवाओं तक कैसे पहुँचे.**

PorchLight, एक परिवार न्याय केंद्र
11100 W. 8th Ave., Suite 200, Lakewood, CO 80215
303-271-6100 • www.porchlightfjc.org



हमारा मिशन पीड़ितों, उत्तरजीवियों और उनके बच्चों के लिए आवश्यक सेवाओं को एक साथ लाना है ताकि एक सकारात्मक मार्ग बनाया जा सके और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ावा दिया जाए.

PorchLight
A Family Justice Center
You are not alone.

11100 W. 8th Ave., Suite 200, Lakewood, CO 80215
www.porchlightfjc.org
303-271-6100
समय: 8:30 a.m.–4:30 p.m.
वॉक-इन को प्रोत्साहन दिया जाता है. मुलाकात निश्चित करना आवश्यक नहीं.

PorchLight क्यों?

यदि किसी व्यक्ति पर उनके बच्चों के सामने हमला होता है, या अन्यथा हिंसा से पीड़िता है तो परिवार को इससे उभरने में सेवाएं लेने के लिए समुदाय में अनेक एजेंसियों को रेफर किया जाता है. PorchLight यात्रा, अनेक आवेदन करने, व्यक्ति को बार-बार अपनी कहानी बताने, कार्य समय से अवकाश, और शिशु देखभाल जरूरतों को कम करते हुए एक ही स्थान पर इन सेवाओं को एक साथ लाता है. इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए एक आपराधिक मामले का उपयोग जरूरी नहीं, और सभी सेवाएं नि:शुल्क हैं.

केंद्र के बारे में

PorchLight, एक परिवार न्याय केंद्र जेफर्सन और जिलपिन समुदायों की सेवा करता है. 75 से अधिक भीदार एजेंसियां पीड़ितों और हिंसा के उत्तरजीवियों को एकीकृत सेवाएं प्रदान करने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करती हैं. पेशेवरों की एक बहु-विषयक टीम को एक छत के नीचे लाकर और प्रत्येक एजेंसी में कार्यों का समन्वय करके, हम यौन उत्पीड़न, पारिवारिक हिंसा, बुजुर्ग दुर्व्यवहार, बाल शोषण, जोखिम में व्यक्तियों से दुर्व्यवहार और मानव तस्करी के पीड़ितों और उत्तरजीवियों की अधिक प्रभावी ढंग से सेवा कर सकते हैं.

- कानूनी
- शिक्षा
- तत्काल प्रतिक्रिया
- मानसिक स्वास्थ्य

PorchLight

- कानून प्रवर्तन
- चिकित्सा
- शिशु देखभाल
- आवास/ आश्रय

"हमारा परिवार न्याय केंद्र एक सहृदय और स्वागत करने वाला स्थल है जहां सेवा प्रदाताओं का एक समूह पीड़ितों, उत्तरजीवियों और उनके बच्चों को महत्वपूर्ण सेवाएं प्राप्त करने में मदद के लिए साथ मिलता है⊠ सभी एक ही स्थान पर⊠

~ केडेस कूलेज, एक्ज्युकेटिव डायरेक्टर

"मैं नहीं चाहता था कि मुझे अपनी कहानी लाखों बार बतानी पड़े...
यह सब एक स्थान पर मिलना आश्चर्यजनक है⊠

~ उत्तरजीवी